<u>एलईडी आधारित सोलर स्ट्रीट लाइट</u>

एलईडी आधारित सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन सार्वजनिक स्थल, चौराहों, भवन परिसर, ग्रामों/कस्बों की गलियों में, बस स्टेशन, सड़कों के किनारे आदि स्थलों पर कराई जाती है। रात्रि के समय इस संयंत्र से लगभग 10 मीटर की परिधि में प्रकाश क पूर्ति होती है। संयंत्र में 75 वाट क्षमता का सोलर पीवी पैनल, 12.8 वोल्ट 30 एम्पीयर आवर, लीथियम-फेरो-फॉस्पेट बैटरी, 06 मीटर लम्बाई का जीआई पोल एवं 12 वाट क्षमता की व्हाईट-एलईडी ल्यूमिनायर का प्रयोग होता है।

वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में प्रदेश के 75 जनपदों में निम्नांकित योजनाओं में सोलर स्ट्रीट लाइटों का अधिष्ठापन कराया गया है। विवरण निम्नानुसार हैः-

- **<u>पं0 दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजनाः-</u>**

  योजनान्तर्गत प्रदेश के समस्त विकास खण्डों के ग्रामीण बाजारों में प्रकाश/पथ प्रकाश की सार्वजनिक व्यवस्था सुलभ होने, सामाजिक परिवेश में कार्य क्षमता में वृद्धि, सुरक्षा, कुटीर उद्योगों में वृद्धि से जन-सामान्यकीआयमें वृद्धि, स्वच्छ वातावरणकानिार्माण एवं जन सामान्य में योजना केप्रचार-प्रसारके साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिगत संचालित योजना में शासन द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषण से 34371 अदद सोलर स्ट्रीट लाइटों का अधिष्ठापन कराया गया।

- **<u>मुख्य मंत्री समग्र ग्राम विकास योजनाः-</u>**

  मुख्य मंत्री समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत प्रदेश के 62 जनपदों के 1138 चयनित राजस्व ग्रामों में वैकल्पिक मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए शासन द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषण से 25959 अदद सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना करायी गयी है।

- **<u>प्रोजेक्ट मोड (राज्यानुदान)ः-</u>**

  योजनान्तर्गत सोलर स्ट्रीट लाइटों के अधिष्ठापन हेतु शासन द्वारा रू. 7100.00 प्रति संयंत्र की दर से राज्यानुदान अनुमन्य है। राज्यानुदान के अतिरिक्त संयंत्र मूल्य की अवशेष धनराशि मा0 जन-प्रतिनिधियों की विभिन्न क्षेत्र विकास निधियों से वहन की जाती है। प्रोजेक्ट मोड-राज्यानुदान के अन्तर्गत 45663 अददलाइटों का अधिष्ठापन प्रदेश के 75 जनपदों के ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत अनुदान कार्यक्रम में करायी गयी है।

- **<u>पूर्ण कीमत (बिना अनुदान) ः-</u>**

  विभिन्न मा0 जन-प्रतिनिधियों की क्षेत्र विकास निधि/क्रिटिकल गेप फण्ड/ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन योजना/डा0 अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुज योजना/ आई स्पर्श/सीएसआर फण्ड के अन्तर्गत संयंत्र मूल्य की पूर्ण कीमत पर प्रदेश के 75 जनपदों के अन्तर्गत 24930 अदद सोलर स्ट्रीट लाइटों का अधिष्ठापन कराया गया है।

- **<u>बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजनाः-</u>**

  वित्तीय वर्ष 2022-23 में बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति के अन्र्तगत सोलर स्ट्रीट लाईटों की स्थापना शासनादेश सं. 754/87-अति0ऊ0स्रो0वि0 / 2022 दिनांक 26 अगस्त,2022 के क्रम में प्रत्येक जनपद में 20 ग्राम पंचायतें में 10-10 लाईटों की स्थापना शत-प्रतिशत वित्त पोषण से कराये जाने की योजना संचालित है।

वर्ष 2017-18 से 2024-25 फरवरी तक विभिन्न योजनाओं एवं विभिन्न मा0 निधियों / संस्थाओं / सीएसआर के अन्तर्गत स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइटों का अद्यतन प्रगति विवरणः. 21.02.2025

क्रम सं0	स्थापना वर्ष	योजनान्तर्गत स्थापित संयंत्र				पूर्ण कीमत पर	कुल स्थापित संयंत्र
		पं0 दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना	मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना	प्रोजेक्ट मोड राज्यानुदान योजना	बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना	विभिन्न मा0 निधियों/ संस्थाओं /रूर्बन मिशन / बीएडीपी / आई स्पर्श / सीएसआर के अन्तर्गत	
1	2017-18	14018	0	11000	0	5189	30207
2	2018-19	4880	7120	11000	0	1587	24587
3	2019-20	6671	6671	2100	0	8735	24177
4	2020-21	0	3489	1640	0	0	5129
5	2021-22	2353	2616	14042	0	6106	25117
6	2022-23	4994	4286	7000	10595	3313	30188
7	2023-24	10496	1023	10465	10658	1878	34520
8	2024-25	9872	0	2131	14505	4298	30736
योग		**53284**	**25205**	**59378**	**35758**	**31106**	**199786**